Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ पाली में कान्ता शर्मा ग्राम विकास अधिकारी 1500/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक, 09 दिसम्बर मंगलवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. पाली–प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **कान्ता शर्मा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायम मुसालिया पंचायत समिति मारवाड़ जंक्शन जिला पाली को 1500/– रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि चौकी पाली–प्रथम को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पुत्र व पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में माता–पिता के आधार नम्बर दर्ज करने की एवज में 3,000/–रूपये रिश्वति राशि मांग परेशान किया जा रहा था।

जिस पर एसीबी जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री भुवण भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. पाली प्रथम के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र डुकिया** के नेतृत्व में आज के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीया कान्ता शर्मा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायम मुसालिया पंचायत समिति मारवाड़ जंक्शन जिला पाली को 1500/– रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।